कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।

पत्रांक 3793 / कार्य-25 / 95 दिनांक 19-5-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः— मीडिया पर प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर 'अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लायें निर्माण एजेन्सियां' के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन 80 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली पेयजल योजनाओं का टी0पी0आई0 एजेन्सी से निरीक्षण कराकर प्राप्त कमियों का निराकरण कराया जा रहा है एवं जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4— जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5— मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6— जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7— समस्त सहायक अभियन्ता,(एस0डब्लू0एस0एम0)।
8— प्रोजेक्ट मैनेजर, समस्त अनुबन्धित फर्म।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

अमर उजाला

# अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाएं निर्माण एजेंसियां

संवाद न्यूज एजेंसी

बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जल जीवन मिशन परियोजनाओं की समीक्षा में खराब गुणवत्ता पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित निर्माण एजेंसियों को अपनी कार्यप्रणाली सुधारने के लिए चेतावनी दी। डीएम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

जिलाधिकारी ने ब्लॉक और तहसील स्तर के अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने

## डीएम बोले, कमियां मिलने पर जारी करें कारण बताओ नोटिस



समीक्षा करते डीएम। स्रोत: सूचना

को कहा। जल निगम ग्रामीण के अधिकारियों को भी दैनिक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। डीएम ने पूर्व में हुए स्थलीय सत्यापन में पाई गई कमियों पर नाराजगी जताई।

उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि पाइपलाइन डालने से पहले जैसी सड़क थी, उसे उसी गुणवत्तापूर्ण स्थिति में बहाल किया जाए। कमियां पाए जाने वाली सभी परियोजनाओं में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने दो टूक कहा कि निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही पूरा किया जाना चाहिए।

**जीवन स्तर में सुधार लाना योजना का उद्देश्य :** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं है। इसका लक्ष्य चिह्नित परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसी मूलभूत सुविधाएं देना है। रोजगार, आवास और सामाजिक सुरक्षा से उनके जीवन स्तर में स्थायी सुधार लाना भी योजना का उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। यह लाभ समयबद्ध और पूर्ण पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। डीएम ने गुणात्मक सुधार के लिए संचालित योजनाओं पर बल देते हुए पेंशन और किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा भी की।

Scanned with OKEN Scanner